No. of Printed Pages : 4

BHDF-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2020

बी. एच. डी. एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *तीन* शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 6

   पुरुष, प्रकाश, स्त्री, बादल, कमल

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 4

   सदानंद, निरादर, दुर्गति, प्रश्नोत्तर

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) समाचार-पत्रों की भूमिका

(ख) साहित्य समाज का दर्पण है

(ग) पर्यावरण संकट

(घ) सामाजिक असमानता का आधार

4. राष्ट्र की एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

हम जिस वातावरण में रहते हैं उसमें प्रकृति और मनुष्य द्वारा निर्मित वस्तुओं का अस्तित्व है। पृथ्वी, जल, वायु, अन्य भौतिक तत्व तथा प्राणी जगत् प्रकृति के अंग हैं। मनुष्य ने इनका निर्माण नहीं किया है। स्वयं मनुष्य प्रकृति का अंग है और इस रूप में प्राकृतिक उत्पादन है। प्रकृति के अपने विषय हैं। जैसे पृथ्वी अपने अक्ष पर

24 घंटे में एक चक्कर लगाती है। पृथ्वी, सूर्य का उपग्रह है और सूर्य की परिक्रमा करती है। सूर्य ज्वलनशील गैसों का वृत्त है और उससे पृथ्वी को प्रकाश और ऊर्जा प्राप्त होती है। पृथ्वी एक ठो पिंड है, जिसका तीन चौथाई भाग जल से भरा है। पृथ्वी की स्थिति और गति की विशिष्टता ने उसे एक ऐसा पर्यावरण दिया है जिसने जीवन को संभव बनाया।

(क) प्रकृति के अंग कौन–कौन से हैं?

(ख) मनुष्य किस रूप में प्राकृतिक उत्पादन है?

(ग) प्रकृति के अपने क्या नियम हैं?

(घ) पृथ्वी की गति और विशिष्टता क्या है?

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** का आशय लगभग *100* शब्दों में लिखिए : 5

(क) मेरो सब पुरुषारथ थाको

(ख) मैं नीर भरी दुःख की बदली

7. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लगभग *200-200* शब्दों में लिखिए : 2 × 5 = 10

(क) महादेवी के काव्य में व्यक्त रहस्य भाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) तुलसीदास की काव्य-भाषा की विशेषता बताइए।

(ग) 'जूठन' में चित्रित स्कूली परिदृश्य पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) 'जीने की कला' निबन्ध का सारांश लिखिए।

(ङ) 'वैष्णवन की फिसलन' निबन्ध की समीक्षा कीजिए।

4190